EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

# प्रेस विज्ञप्ति

# मिलान में भारत-इटली सहयोग को मजबूत करने की दिशा में ईपीसीएच की पहल

**23 अप्रैल 2026, दिल्ली/एनसीआर**: दिनांक 22.04.2026 को श्री नीरज खन्ना, अध्यक्ष, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) ने मिलान में सलोने डेल मोबैल, मिलानो की एडिटोरियल एवं सांस्कृतिक निदेशक एवं सलाहकार मिस अन्नालिसा रोसो से मुलाकात की। इस बैठक में भारत और इटली के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आयोजनों के बीच सहयोग को और मजबूत बनाने तथा नियमित सहभागिता के अवसरों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर श्री नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच ने कहा, "मिस अन्नालिसा रोसो से मिलकर अत्यंत प्रसन्नता हुई और यह विचार-विमर्श सार्थक रहा कि भारत और इटली के दो वैश्विक प्रतिष्ठित आयोजन मंच साझा विकास के लिए किस प्रकार अधिक नियमित रूप से सहयोग कर सकते हैं। हमारा मानना है कि सलोने डेल मोबैल जैसे अंतरराष्ट्रीय डिजाइन एवं आयोजन क्षेत्र के अग्रणी संस्थानों के साथ मजबूत संवाद और सहयोग से हमारे हस्तशिल्प क्षेत्र को नई पहचान, साझेदारी और मूल्य संवर्धन के अवसर प्राप्त होंगे।"

उन्होंने आगे कहा, "हमें यह बताते हुए भी खुशी है कि मिस रोसो ने आईएचजीएफ दिल्ली मेले के हमारे आमंत्रण को स्वीकार किया है। उनका यह दौरा आईएचजीएफ दिल्ली मेले के माध्यम से भारत के हस्तशिल्प उद्योग की व्यापकता, विविधता और रचनात्मक क्षमता को प्रत्यक्ष रूप से देखने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा।"

श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने कहा, "यह बैठक वैश्विक स्तर के प्रमुख आयोजन संस्थानों के साथ ईपीसीएच की अंतरराष्ट्रीय सहभागिता को विस्तार देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हमें विश्वास है कि सलोने डेल मोबैल के साथ नियमित संवाद और सहयोग से पारस्परिक सीख, पेशेवर सहयोग और वैश्विक पहुंच को और मजबूत किया जा सकेगा।"

श्री रावत ने आगे बताया कि "ईपीसीएच ने आगामी 61वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला - ऑटम 2026, जो 13 से 17 अक्टूबर 2026 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा, के लिए खरीदारों को आकर्षित करने हेतु प्रचार गतिविधियां शुरू कर दी हैं। इन प्रयासों में लक्षित सोशल मीडिया अभियान, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मेलों में प्रचार तथा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में विज्ञापन शामिल हैं, ताकि गुणवत्तापूर्ण खरीदारों को आकर्षित किया जा सके और मेले में वैश्विक भागीदारी को सुदृढ़ किया जा सके।"

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख संस्था है, जो लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को एक ब्रांड के तौर पर पहचान देने का काम करती है। ये कारीगर देश के अलग-अलग क्लस्टर्स में होम, लाइफस्टाइल, फर्नीचर, फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज जैसे उत्पाद बनाते हैं. ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि साल 2024-25 में भारत से हस्तशिल्प का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच +91-9810423612

EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् Connecting. Empowering. Transforming. | EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

# PRESS RELEASE

# EPCH Explores Stronger India-Italy Cooperation in Milan

**23rd April 2026, Delhi/NCR**: On 22.04.2026, Shri Neeraj Khanna, Chairman, Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH), met Ms. Annalisa Rosso, Editorial & Cultural Director, Advisor at Salone del Mobile. Milano, in Milan to discuss avenues for deeper cooperation and more regular engagement between the two organizations' internationally recognized events in India and Italy.

Speaking on the discussions held, Shri Neeraj Khanna, Chairman, EPCH, said, "It was a pleasure to meet Ms. Annalisa Rosso and exchange ideas on how two globally respected event platforms from India and Italy can engage more regularly for shared growth. We at EPCH believes that stronger dialogue and cooperation with international design and event leaders such as Salone del Mobile will open new avenues for visibility, partnerships and value creation for our handicrafts sector."

He further added, "We are also delighted that Ms. Rosso has accepted our invitation to visit the IHGF Delhi Fair. Her visit will provide an excellent opportunity to experience firsthand the scale, diversity and creative strength of India's handicrafts industry through IHGF Delhi Fair."

Mr. Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH, said, "This meeting marks a positive step in expanding EPCH's international engagement with leading global event institutions. We see significant potential in fostering regular exchanges with Salone del Mobile for mutual learning, professional collaboration and wider global outreach."

Mr. Rawat further added that "EPCH has already begun its buyer promotion activities for the upcoming 61st IHGF Delhi fair Autumn 2026 to be held from 13 – 17 October'26 at Greater Noida. These efforts include targeted social media outreach, promotion at major international fairs and advertisements in leading international magazines to attract quality buyers and strengthen global participation in the fair"

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institute for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million), as informed by Shri Rajesh Rawat, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Shri Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH
+91-9810423612

Encl: Hindi & English with photos






**Photo 1 & 2:** Shri Neeraj Khanna, Chairman, EPCH met Ms. Annalisa Rosso, Editorial & Cultural Director, Advisor at Salone del Mobile. Milano, in Milan, Italy